आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
स्टेट हेल्थ एजेन्सी
चतुर्थ तल, नव चेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ
☎ 0522 - 7118585 e-mail - uprsby@yahoo.co.in
SACHIS

पत्रांकःए0बी0पी0एम0जे0ए0वाई/पत्रांक-2023-24/ 2075 दिनांकः 25 अक्टूबर 2023

Advisory

सेवा में,

सूचीबद्ध चिकित्सालय,
आयूष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना,
उत्तर प्रदेश।

विषयः आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजनांतर्गत मान्यता प्राप्त पत्रकार एवं उनके आश्रित परिवारों के सदस्यों को शामिल करने के संबंध में।

महोदया/महोदय,

आपको सूचित करना है कि उत्तर प्रदेश शासनादेश संख्या-1268/उन्नीस-1-2021-123/2012 टी.सी.-1 दिनांक 07 दिसम्बर,2021 के आलोक में प्रदेश के राज्य/जनपद स्तरीय मान्यता प्राप्त पत्रकारों एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को "मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना" से अच्छादित किये जाने के आदेश प्राप्त हुए है।

इस क्रम में सूचना एवं जन संपर्क विभाग से प्राप्त पत्रकार बन्धुओं एवं उनके आश्रित परिवारों का डाटा उपलब्ध कराया गया है। जिसे साचीज द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) भारत सरकार को प्रेषित कर BIS पोर्टल में समाहित कर दिया गया है। इसके आधार पर प्रदेश के इन पत्रकार परिवारों को आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। अन्य आयुष्मान लाभार्थी के अनुरूप प्रत्येक पत्रकार परिवारों को भी 5 लाख रूपये प्रतिवर्ष तक की चिकित्सा/उपचार आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना अन्तर्गत सूचीबद्ध सरकारी/निजी चिकित्सालयों में अनुमान्य है।

ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि कतिपय चिकित्सालयों द्वारा इन मान्यता प्राप्त पत्रकार परिवारों के मरीजों से प्रधानमंत्री आयुष्मान पत्र/अन्य दस्तावेज की मांग की जा रही है। जबकि आपको सूचित करना है कि मान्यता प्राप्त पत्रकार एवं उनके परिवारों को योजना में सूचना विभाग द्वारा उपलब्ध डाटा व पत्रकारों की प्रास्थिति (मान्यता प्राप्त) के आधार पर सम्मिलित किया गया है। **इसलिए आपको निर्देशित है कि इन मान्यता प्राप्त पत्रकार परिवारों के मरीज को भी आयुष्मान कार्ड एवं आधार संख्या के अनुरूप बायो-ऑथ करते हुए सेवा प्रदान करना सुनिश्चित करें।**

भवदीया,
(संगीता सिंह) 25/10/2023
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

पत्रांकःए.बी.पी.एम.जे.ए.वाई./पत्रा-2023-24/ लखनऊ तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

(संगीता सिंह)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी